**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. 75**

**04 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिये जाने के लिए**

## स्मार्ट सिटी मिशन की स्थिति

**†*75. डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदेः**

**श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणेः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) महाराष्ट्र में स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) की वर्तमान स्थिति क्या है और पूरी हो चुकी परियोजनाओं की संख्या और ब्यौरा क्या है;

(ख) महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के इन शहरों में से प्रत्येक शहर के लिए अब तक स्वीकृत, जारी की गई और उपयोग में लाई गई कुल धनराशि तथा शहरी आवागमन सुविधा, जल आपूर्ति, अपशिष्ट प्रबंधन और डिजिटल अवसंरचना जैसी विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं का शहर-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में इन शहरों को विकसित करने और लक्ष्यों को प्राप्त करने या स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी शहर-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में प्रशासनिक, वित्तीय या पर्यावरणीय चुनौतियों सहित परियोजना के निष्पादन में यदि किसी विलंब का सामना करना पड़ा है तो उसके क्या कारण हैं और इनमें से प्रत्येक शहर को कब तक पूर्ण रूप से विकसित किए जाने और शहर-वार लक्ष्यों को प्राप्त कर लिए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्री**

**(श्री मनोहर लाल)**

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

## विवरण

स्मार्ट सिटी मिशन की स्थिति के संबंध में दिनांक 04.12.2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या *75 (15वां स्थान) के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) और (ख) स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के तहत, महाराष्ट्र राज्य में 08 शहरों, अर्थात औरंगाबाद, कल्याण-डोंबिवली, नागपुर, नासिक, पिंपरी चिंचवाड़, पुणे, सोलापुर और ठाणे का चयन किया गया था। राज्य द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 01.12.2025 तक, ₹16,981 करोड़ की कुल 347 परियोजनाओं में से, ₹15,505 करोड़ की 330 परियोजनाएँ (कुल परियोजनाओँ का 95%) पूरी की जा चुकी हैं और ₹1,476 करोड़ की शेष 17 परियोजनाएँ प्रगति पर हैं।

मध्य प्रदेश राज्य में, 07 शहरों, अर्थात् भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, सागर, सतना और उज्जैन का एससीएम के अंतर्गत चयन किया गया है। राज्य द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 01.12.2025 तक, ₹15,129 करोड़ की कुल 788 परियोजनाओं में से, ₹14,567 करोड़ की 774 परियोजनाएँ (कुल परियोजनाओं का 98%) पूरी की जा चुकी हैं तथा ₹562 करोड़ की शेष 14 परियोजनाएँ प्रगति पर हैं।

स्मार्ट सिटी प्रस्तावों (एससीपी) की आयोजना स्थानीय स्तर पर शहरों की स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर, विभिन्न क्षेत्रों में बनाई गई है, जैसे स्मार्ट मोबिलिटी, जल, स्वच्छता, साफ-सफाई (वॉश ), स्मार्ट गवर्नेंस, स्मार्ट एनर्जी  और पर्यावरण।

महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के शहरों में दावा की गई केन्द्रीय वित्तीय सहायता, उपयोग की गई निधि, पूर्ण की गई परियोजनाओं और क्षेत्र वार परियोजनाओं का शहर वार विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ग) और (घ) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों में, अन्य बातों के साथ-साथ, विधिक मामले, विभिन्न विभागों से मंजूरी प्राप्त करने में देरी, भूमि अधिग्रहण, पहाड़ी क्षेत्रों में निर्माण, छोटे और मध्यम जनसंख्या वाले शहरों में विक्रेता तथा संसाधन की उपलब्धता संबंधी चुनौतियां, कुछ शहरों में निर्णय लेने का केंद्रीकरण, एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्रों (आईसीसीसी) की पूरी क्षमता का उपयोग आदि शामिल हैं।

31 मार्च, 2025 को एससीएम के वित्तीय समापन के बाद, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) ने सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 10 जून, 2025 की परामर्शिका संख्या 27 जारी की है। चल रही परियोजनाएँ कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। विशेष प्रयोजन तंत्रों (एसपीवी) को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है कि एससीएम के तहत चल रही सभी परियोजनाएँ दिसंबर, 2025 से पहले निर्धारित समयावधि में पूरी कर ली जाएँ।

*****

**अनुलग्नक- I**

स्मार्ट सिटी मिशन की स्थिति के संबंध में 04 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने हेतु लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या *75 के भाग (क) और (ख) का उत्तर

**क. महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के शहरों में दावा की गई केंद्रीय वित्तीय सहायता, उपयोग की गई निधि तथा पूर्ण की गई परियोजनाओं का शहरवार विवरण**

(राशि करोड़ रुपये में)

**राज्य: महाराष्ट्र**

| राज्य/शहर | केंद्रीय सहायता का दावा | कुल | | पूर्ण | | प्रगति पर | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | परियोजनाएँ (संख्या में) | राशि | परियोजनाएँ (संख्या में) | राशि | परियोजनाएँ (संख्या में) | राशि |
| **महाराष्ट्र** | | | | | | | |
| औरंगाबाद | 490 | 47 | 2835 | 45 | 2690 | 2 | 145 |
| कल्याण-कल्याण-डोंबिवली | 490 | 19 | 1245 | 16 | 721 | 3 | 524 |
| नागपुर | 490 | 47 | 1768 | 40 | 1588 | 7 | 180 |
| नासिक | 444 | 53 | 3197 | 51 | 3012 | 2 | 185 |
| पिंपरी-चिंचवाड़ | 490 | 25 | 1304 | 24 | 1172 | 1 | 132 |
| पुणे | 490 | 55 | 3333 | 55 | 3333 | 0 | 0 |
| सोलापुर | 490 | 49 | 1587 | 49 | 1587 | 0 | 0 |
| ठाणे | 490 | 52 | 1712 | 50 | 1402 | 2 | 310 |
| **कुल** | **3874** | **347** | **16981** | **330** | **15505** | **17** | **1476** |

**राज्य: मध्य प्रदेश**

| राज्य/शहर | केंद्रीय सहायता का दावा | कुल | | पूर्ण | | प्रगति पर | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | परियोजनाएँ (संख्या में) | राशि | परियोजनाएँ (संख्या में) | राशि | परियोजनाएँ (संख्या में) | राशि |
| **मध्य प्रदेश** | | | | | | | |
| भोपाल | 490 | 82 | 2791 | 82 | 2791 | 0 | 0 |
| ग्वालियर | 490 | 84 | 1633 | 80 | 1406 | 4 | 227 |
| इंदौर | 490 | 231 | 3751 | 231 | 3751 | 0 | 0 |
| जबलपुर | 490 | 130 | 2197 | 130 | 2197 | 0 | 0 |
| सागर | 490 | 80 | 1782 | 78 | 1607 | 2 | 175 |
| सतना | 490 | 86 | 1363 | 80 | 1227 | 6 | 137 |
| उज्जैन | 490 | 95 | 1613 | 92 | 1580 | 3 | 33 |
| **कुल** | **3430** | **788** | **15129** | **774** | **14567** | **14** | **562** |

01 दिसंबर, 2025 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार।

**ख. महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्यों के शहरों में शुरू की गई परियोजनाओं का क्षेत्र वार विवरण**

(राशि करोड़ रुपये में)

| राज्य / शहर का नाम | कुल | | पूर्ण | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि (करोड़ रुपये में) | परियोजना (संख्या में) | राशि (करोड़ रुपये में) | परियोजना (संख्या में) |
| मध्य प्रदेश | 788 | 15,129 | 774 | 14,567 |
| भोपाल | 82 | 2,791 | 82 | 2,791 |
| इक्नोमिक इंफ्रास्ट्रक्चर | 16 | 591 | 16 | 591 |
| पर्यावरण | 3 | 11 | 3 | 11 |
| स्मार्ट एनर्जी | 11 | 762 | 11 | 762 |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 10 | 122 | 10 | 122 |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 12 | 380 | 12 | 380 |
| सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर | 8 | 619 | 8 | 619 |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 8 | 53 | 8 | 53 |
| वॉश | 14 | 252 | 14 | 252 |
| ग्वालियर | 84 | 1,633 | 80 | 1,406 |
| इक्नोमिक इंफ्रास्ट्रक्चर | 19 | 161 | 17 | 95 |
| पर्यावरण | 4 | 7 | 4 | 7 |
| स्मार्ट एनर्जी | 6 | 295 | 5 | 234 |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 6 | 123 | 6 | 123 |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 21 | 459 | 20 | 359 |
| सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर | 6 | 53 | 6 | 53 |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 12 | 57 | 12 | 57 |
| वॉश | 10 | 478 | 10 | 478 |
| इंदौर | 231 | 3,751 | 231 | 3,751 |
| इक्नोमिक इंफ्रास्ट्रक्चर | 32 | 206 | 32 | 206 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पर्यावरण | 1 | 12 | 1 | 12 |
| स्मार्ट एनर्जी | 29 | 324 | 29 | 324 |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 22 | 146 | 22 | 146 |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 32 | 786 | 32 | 786 |
| सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर | 22 | 804 | 22 | 804 |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 20 | 107 | 20 | 107 |
| वॉश | 73 | 1,367 | 73 | 1,367 |
| जबलपुर | 130 | 2,197 | 130 | 2,197 |
| इक्नोमिक इंफ्रास्ट्रक्चर | 23 | 252 | 23 | 252 |
| पर्यावरण | 1 | 5 | 1 | 5 |
| स्मार्ट एनर्जी | 19 | 225 | 19 | 225 |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 8 | 71 | 8 | 71 |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 35 | 1,237 | 35 | 1,237 |
| सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर | 7 | 15 | 7 | 15 |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 18 | 77 | 18 | 77 |
| वॉश | 19 | 314 | 19 | 314 |
| सागर | 80 | 1,782 | 78 | 1,607 |
| इक्नोमिक इंफ्रास्ट्रक्चर | 7 | 38 | 7 | 38 |
| पर्यावरण | 5 | 116 | 5 | 116 |
| स्मार्ट एनर्जी | 2 | 28 | 2 | 28 |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 10 | 89 | 10 | 89 |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 12 | 442 | 10 | 266 |
| सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर | 17 | 232 | 17 | 232 |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 11 | 65 | 11 | 65 |
| वॉश | 16 | 773 | 16 | 773 |
| सतना | 86 | 1,363 | 81 | 1,236 |
| इक्नोमिक इंफ्रास्ट्रक्चर | 12 | 313 | 11 | 277 |
| पर्यावरण | 1 | 2 | 1 | 2 |
| स्मार्ट एनर्जी | 11 | 114 | 11 | 114 |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 7 | 58 | 7 | 58 |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 18 | 258 | 16 | 233 |
| सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर | 10 | 31 | 10 | 31 |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 12 | 128 | 12 | 128 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| वॉश | 15 | 460 | 13 | 394 |
| उज्जैन | 95 | 1,613 | 92 | 1,580 |
| इक्नोमिक इंफ्रास्ट्रक्चर | 21 | 174 | 20 | 162 |
| पर्यावरण | 2 | 26 | 2 | 26 |
| स्मार्ट एनर्जी | 10 | 92 | 10 | 92 |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 8 | 90 | 8 | 90 |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 14 | 209 | 13 | 197 |
| सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर | 11 | 159 | 11 | 159 |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 10 | 276 | 9 | 267 |
| वॉश | 19 | 586 | 19 | 586 |
| महाराष्ट्र | 346 | 16,967 | 330 | 15,505 |
| औरंगाबाद | 47 | 2,835 | 45 | 2,690 |
| इक्नोमिक इंफ्रास्ट्रक्चर | 8 | 95 | 7 | 85 |
| स्मार्ट एनर्जी | 4 | 119 | 4 | 119 |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 6 | 250 | 6 | 250 |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 12 | 632 | 12 | 632 |
| सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर | 6 | 81 | 6 | 81 |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 6 | 179 | 5 | 44 |
| वॉश | 5 | 1,479 | 5 | 1,479 |
| कल्याण-डोंबिवली | 19 | 1,245 | 16 | 721 |
| स्मार्ट एनर्जी | 2 | 59 | 2 | 59 |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 3 | 192 | 3 | 192 |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 5 | 605 | 3 | 114 |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 4 | 128 | 3 | 97 |
| वॉश | 5 | 260 | 5 | 260 |
| नागपुर | 47 | 1,768 | 40 | 1,588 |
| इक्नोमिक इंफ्रास्ट्रक्चर | 1 | 10 | 1 | 10 |
| पर्यावरण | 1 | 0 | 1 | 0 |
| स्मार्ट एनर्जी | 1 | 473 | 1 | 473 |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 2 | 520 | 2 | 520 |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 17 | 476 | 11 | 306 |
| सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर | 13 | 132 | 13 | 132 |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 2 | 7 | 2 | 7 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| वॉश | 10 | 150 | 9 | 139 |
| नासिक | 52 | 3,184 | 51 | 3,012 |
| इक्नोमिक इंफ्रास्ट्रक्चर | 5 | 19 | 5 | 19 |
| स्मार्ट एनर्जी | 8 | 222 | 8 | 222 |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 3 | 254 | 3 | 254 |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 12 | 2,258 | 12 | 2,258 |
| सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर | 3 | 71 | 3 | 71 |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 12 | 113 | 12 | 113 |
| वॉश | 9 | 246 | 8 | 74 |
| पिंपरी-चिंचवाड़ | 25 | 1,304 | 24 | 1,172 |
| इक्नोमिक इंफ्रास्ट्रक्चर | 1 | 5 | 1 | 5 |
| पर्यावरण | 1 | 5 | 1 | 5 |
| स्मार्ट एनर्जी | 2 | 89 | 2 | 89 |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 8 | 657 | 7 | 525 |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 4 | 62 | 4 | 62 |
| सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर | 3 | 61 | 3 | 61 |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 1 | 247 | 1 | 247 |
| वॉश | 5 | 178 | 5 | 178 |
| पुणे | 55 | 3,333 | 55 | 3,333 |
| इक्नोमिक इंफ्रास्ट्रक्चर | 2 | 18 | 2 | 18 |
| पर्यावरण | 3 | 41 | 3 | 41 |
| स्मार्ट एनर्जी | 1 | 90 | 1 | 90 |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 4 | 176 | 4 | 176 |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 23 | 1,440 | 23 | 1,440 |
| सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर | 8 | 945 | 8 | 945 |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 8 | 118 | 8 | 118 |
| वॉश | 6 | 505 | 6 | 505 |
| सोलापुर | 49 | 1,587 | 49 | 1,587 |
| इक्नोमिक इंफ्रास्ट्रक्चर | 4 | 24 | 4 | 24 |
| पर्यावरण | 1 | 650 | 1 | 650 |
| स्मार्ट एनर्जी | 5 | 86 | 5 | 86 |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 4 | 46 | 4 | 46 |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 4 | 167 | 4 | 167 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर | 2 | 20 | 2 | 20 |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 11 | 62 | 11 | 62 |
| वॉश | 18 | 533 | 18 | 533 |
| ठाणे | 52 | 1,712 | 50 | 1,402 |
| इक्नोमिक इंफ्रास्ट्रक्चर | 1 | 4 | 1 | 4 |
| स्मार्ट एनर्जी | 2 | 20 | 2 | 20 |
| स्मार्ट गवर्नेंस | 5 | 143 | 5 | 143 |
| स्मार्ट मोबिलिटी | 8 | 812 | 7 | 549 |
| सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर | 1 | 3 | 1 | 3 |
| जीवंत सार्वजनिक स्थान | 14 | 286 | 14 | 286 |
| वॉश | 21 | 444 | 20 | 397 |
| **कुल योग** | **1,134** | **32,096** | **1,104** | **30,072** |

01 दिसंबर, 2025 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार

*****